अग्निकाण्ड

नारायणगंज में भीषण आग का तांडव, लाखों का हुआ नुकसान प्रभावित किसानों ने प्रशासन से की मुआवजे की मांग

# 4 किसानों की खलिहान में रखी गेहूं की फसल खाक




**नारायणगंज, नवभारत।** नारायणगंज विकासखंड के ग्राम जेवरा बिगरहा टोला में भीषण आग लगने से चार किसानों की गेहूं की पैरा (खरी) जलकर पूरी तरह खाक हो गई। जानकारी के अनुसार, कटाई के बाद गल्ले के पास इकट्ठा कर रखी गई पैरा में अचानक आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास की अन्य पैरा को भी अपनी चपेट में ले लिया।

इस दर्दनाक हादसे में किसान वरकड़े, जागे सिंह, सूरत कुलस्ते और एक अन्य किसान की मेहनत की कमाई जलकर नष्ट हो गई है। बताया गया कि किसानों ने दो दिन पहले ही गेहूं की कटाई के बाद इस पैरा को एकत्र किया था। घटना के दौरान पूरे इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया।

### दमकल ने पाया काबू

सूचना मिलते ही निवास पुलिस और दमकल की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया, जिससे इसे और अधिक फैलने से रोका जा सका।

### जांच कर मुआवजे की मांग

घटना की मिली जानकारी के अनुसार फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। प्रभावित किसानों ने अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए प्रशासन से उचित मुआवजे की गुहार लगाई है। वहीं, पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुटी हुई है।




# बिजली गिरने से उड़े कई घरों के विद्युत उपकरण

बिजली विभाग और पंचायत ने झाड़ा पल्ला, प्रभावितों में भारी रोष

**नैनपुर।** नैनपुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत चमरवाही के ग्राम गुडुम मॉल में आकाशीय बिजली गिरने से भारी नुकसान की घटना सामने आई है। क्षेत्र में हो रही बेमौसम बूंदाबांदी और तेज बारिश के दौरान गिरी बिजली ने ग्रामीणों के घरों में लगे विद्युत उपकरणों को पूरी तरह धराशाई कर दिया है।

जानकारी अनुसार ग्राम गुडुम मॉल निवासी प्रताप मरावी के घर के आंगन में लगे बिजली खंबे पर आकाशीय बिजली गिर गई। इसकी तीव्रता इतनी अधिक थी कि प्रताप के घर की टीवी, पंखे, बोर्ड और वायरिंग सहित बल्ब जलकर राख हो गए। बताया गया कि इतना ही नहीं बिजली गिरने के स्थान से 50 मीटर की दूरी तक इसका असर देखा गया। पंचायत द्वारा लगाई गई लाइटें, ग्रामीण गणपत के घर के पंखे और संतोष चमरू के घर का रिसीवर भी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से खराब हो गए।

### विभाग और पंचायत कर रही अनदेखी

घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों ने सरपंच और बिजली विभाग को फोन के माध्यम से सूचित किया। ग्रामीणों का आरोप है कि जिम्मेदारों द्वारा संतोषजनक जवाब देने के बजाय यह कहकर पल्ला झाड़ लिया गया कि इस प्रकार के मामले पहले कभी नहीं आए हैं और हमें इसकी जानकारी नहीं है।

हादसे के कई दिन बीत जाने के बाद भी अब तक न तो बिजली विभाग ने सुध ली है और न ही प्रशासन ने कोई कार्रवाई की है। गरीब ग्रामीण अपने खराब हुए उपकरणों और नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजे की मांग को लेकर भटक रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि तत्काल पंचनामा तैयार कर प्रभावितों को उचित आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।



# 32 सदस्यीय दल के साथ नागालैंड रवाना हुए जूही व राजकुमार

**अंजनिया।** लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश, भोपाल के निर्देशानुसार एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के दो विद्यार्थियों का चयन नागालैंड भ्रमण के लिए किया गया है। चयनित विद्यार्थियों में पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 12वीं की छात्रा कुमारी जूही बरमैया एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र राजकुमार जंघेला शामिल हैं। दोनों विद्यार्थी मध्यप्रदेश के 32 सदस्यीय दल के साथ भोपाल से हवाई यात्रा द्वारा नागालैंड के लिए रवाना हुए। यह भ्रमण 7 अप्रैल तक आयोजित है। इस यात्रा के दौरान विद्यार्थी नागालैंड की समृद्ध परंपराओं, कला और वहां की जीवनशैली का अनुभव करेंगे।

**शिक्षा विभाग ने दी बधाई-** विद्यार्थियों को मिले इस गौरवपूर्ण अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी वरकड़े, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक एलएस मसराम, सहायक परियोजना समन्वयक मुकेश पांडे, मधुपुरी शाला प्राचार्या सीमा चंद्रोल और महाराजपुर शाला प्राचार्या विभा मिश्रा ने हर्ष व्यक्त करते हुए दोनों विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

# दंडवत नर्मदा परिक्रमा कर रहे संत का भाजपा नेताओं ने किया स्वागत

बढ़ाया सेवा का हाथ




**घुघरी, नवभारत।** माँ नर्मदा की कठिन परिक्रमा कर रहे श्रद्धालुओं की सेवा और सम्मान की परंपरा आज भी अटूट है। इसी कड़ी में आज रामनगर के समीप एक अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जब 'दंडवत' (लेटकर) परिक्रमा कर रहे एक संत का स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने आत्मीय स्वागत किया।

माँ नर्मदा की रेवा खंड की महिमा का बखान करते हुए परिक्रमावासी संत जब रामनगर के पास पहुंचे, तो वहां मौजूद भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज मरकाम एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामप्रकाश साहू ने रुककर उनका अभिवादन किया। कठिन तपस्या कर रहे संत का पुष्पहारों से स्वागत किया गया और उनके जज्बे को नमन किया गया।इस दौरान भाजपा नेताओं ने न केवल संत का कुशलक्षेम जाना, बल्कि उनकी परिक्रमा में हर संभव सहयोग और सेवा का संकल्प भी दोहराया।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज मरकाम ने कहा कि माँ नर्मदा की परिक्रमा करना अपने आप में बड़ी साधना है, और जो भक्त लेटकर यह कठिन मार्ग तय कर रहे हैं, उनकी श्रद्धा वंदनीय है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय जन और कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने नर्मदा मैया के जयकारों के साथ वातावरण को भक्तिमय कर दिया।




# अनियंत्रित डंपर खड़े हाइवा से टकराया, चालक-परिचालक घायल

सेमरखापा चौराहे पर हादसे से मचा हड़कंप, डंपर का केबिन चकनाचूर, हाईवे पर कुछ देर लगा रहा जाम

**सेमरखापा।** जिले के नेशनल हाईवे 30 पर एक तेज रफ्तार डंपर हादसे का शिकार हो गया। बताया गया कि बाईपास मार्ग पर सेमरखापा चौराहे के पास जबलपुर से रायपुर की ओर जा रहा एक डंपर अचानक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे खड़े एक हाइवा से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डंपर का अगला हिस्सा यानी केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

जानकारी अनुसार इस जोरदार भिड़ंत में डंपर के चालक और परिचालक को गंभीर चोटें आई हैं। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को वाहन से बाहर निकाला गया और उपचार के लिए तत्काल अस्पताल भेजा गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन वाहन को भारी नुकसान पहुंचा है।

### हाईवे पर लगा लंबा जाम

हादसे के बाद नेशनल हाईवे 30 पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के बीच सड़क पर होने के कारण कुछ समय के लिए वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और जाम की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची।

### पुलिस ने खुलवाया जाम

कोतवाली पुलिस ने क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त डंपर को सड़क से किनारे कराया और यातायात को सुचारू रूप से बहाल कराया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि डंपर चालक द्वारा वाहन पर से नियंत्रण खोने के कारण यह हादसा हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के सही कारणों की विस्तृत पड़ताल की जा रही है।

# धर्मांतरण व सामाजिक एकता पर किया मंथन

निवास में आरएसएस की सामाजिक सद्भाव बैठक आयोजित

**निवास।** नगर परिषद निवास के मंगल भवन नगरपालिका हॉल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा एक महत्वपूर्ण सामाजिक सद्भाव बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में क्षेत्र की विभिन्न बिरादरियों और समाजों के प्रमुखों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए खंड निवास के कार्यवाहक प्रभारी श्री सोनवानी ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा और समरसता को बढ़ावा देना था।

बैठक के दौरान उपस्थित प्रबुद्धजनों ने अपने-अपने विचार साझा किए। चर्चा में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि समाज को अंधविश्वास और रूढ़िवादी परंपराओं के चंगुल से बाहर निकलना होगा। सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया कि पुरानी और अप्रसांगिक परंपराओं को हटाकर नए प्रगतिशील विचारों पर चिंतन-मनन किया जाएगा और सत्य के मार्ग पर चलते हुए समाज में समरसता स्थापित की जाएगी।

**धर्मांतरण पर चिंता और जागरूकता-**बैठक में धर्मांतरण के गंभीर मुद्दे पर भी विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कुछ समूहों द्वारा प्रलोभन देकर हिंदू धर्म के लोगों का धर्मांतरण कराया जा रहा है। इसे रोकना समाज के हर व्यक्ति का नैतिक धर्म है। समाज को जागरूक करने और अपनी जड़ों से जुड़े रहने के लिए सामूहिक प्रयास करने का निर्णय लिया गया।

बैठक के अंत में सभी बिरादरी के लोगों ने एकजुट होकर क्षेत्र के विकास और सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करने का वचन दिया। इस आयोजन ने क्षेत्र में एकता और वैचारिक शुद्धिकरण का एक सकारात्मक संदेश दिया है।






# कान्हा टाइगर रिजर्व में मादा बाघ की मौत

आपसी संघर्ष में गई जान, विशेषज्ञों की मौजूदगी में हुआ अंतिम संस्कार, जांच में जुटा पार्क प्रबंधन

**कान्हा/कन्हारी।** विश्व प्रसिद्ध कान्हा टाइगर रिजर्व से एक दुखद खबर सामने आई है। पार्क के कन्हारी वन परिक्षेत्र के अंतर्गत कक्ष क्रमांक आरएफ 112, करोंदावारे बीट में एक वयस्क मादा बाघ का शव मिला है। घटना की जानकारी मिलते ही पार्क प्रबंधन ने एनटीसीए के दिशा-निर्देशों के तहत त्वरित कार्यवाही करते हुए इलाके को सुरक्षित किया।

वन्यप्राणी चिकित्सकों के दल द्वारा किए गए पोस्टमार्टम की प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार मादा बाघ के शरीर पर चोट और गहरे घाव के निशान पाए गए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि प्रथम दृष्टया यह मामला टेरिटोरियल फाइट यानी किसी अन्य बाघ के साथ हुए आपसी संघर्ष का प्रतीत होता है। राहत की बात यह है कि मृत बाघ के शरीर के सभी अंग पूरी तरह सुरक्षित पाए गए हैं, जिससे शिकार की संभावना से इनकार किया गया है।

**डॉग स्क्वाड और विशेषज्ञों की टीम ने की जांच-**घटना स्थल और उसके आसपास के क्षेत्र की डॉग स्क्वाड की सहायता से गहन छानबीन की गई। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया डॉ. संदीप अग्रवाल वन्यप्राणी चिकित्सक, कान्हा, डॉ. आरएम भुरमूदे और डॉ. सुनील गोयल के विशेष दल द्वारा संपन्न की गई। निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मादा बाघ का शवदाह, भस्मीकरण क्षेत्र संचालक रवीन्द्रमणि त्रिपाठी, सहायक संचालक सूरज सिंह सेन्द्राम, तहसीलदार बिछिया शंकर मेरावी, एनटीसीए प्रतिनिधि जैनब खान और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी कराई गई है। कान्हा प्रबंधन ने इस मामले में वन अपराध प्रकरण दर्ज कर लिया है और अग्रिम वैधानिक कार्यवाही जारी है।

# औढ़ारी में सात दिनों तक गूंजा स्वच्छता और जनजागृति का संदेश

सेवा और समर्पण के साथ सिंगारपुर एनएसएस शिविर का समापन




**मोहगांव।** भारत सरकार के खेल एवं युवा मंत्रालय और मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगारपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। ग्राम औढ़ारी के बालक आश्रम शाला में आयोजित इस शिविर का नेतृत्व प्राचार्य जयकुमार बैरागी के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी अशोक वरकड़े के कुशल नेतृत्व में किया गया।

शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने श्रमदान को अपनी प्राथमिकता बनाया। सात दिनों के भीतर छात्रों ने ग्राम औढ़ारी के खेरमाई माता मंदिर परिसर की विशेष सफाई और पुताई की। आश्रम शाला से कोयलार टोला तक के पहुंच मार्ग के गड्ढों में मुर्रम भरकर समतलीकरण किया। औढ़ारी-बड़झर मुख्य मार्ग पर सड़क मरम्मत का कार्य कर ग्रामीणों को सुगम मार्ग उपलब्ध कराया। आवास परिसर की लिपाई-पुताई और आसपास की झाड़ियों की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

### नशा मुक्ति अभियान के साथ जल संरक्षण का दिया संदेश

शिविर के पांचवें दिन छात्रों ने औढ़ारी के घुघरा घाट पर नर्मदा नदी की सफाई की। नदी से प्लास्टिक, पन्नी और कचरा निकालकर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। इसके अलावा, गांव में जनजागरूकता रैली निकालकर नारों, गीतों और नशा मुक्ति अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को सशक्त समाज बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

समापन समारोह के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने एथेनिक फैशन शो का आयोजन किया, जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा प्रदर्शित की गई। इसके साथ ही देशभक्ति गीतों और स्थानीय आदिवासी लोकनृत्य कर्मा-सैला की शानदार प्रस्तुतियों ने अतिथियों और ग्रामवासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### ये रहे मौजूद

समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती अंजली मरावी सरपंच, सिंगारपुर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य जय कुमार बैरागी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. बीएल झारिया जिला संगठक एनएसएस, राजेश चक्रवर्ती उपसरपंच और राजेश दुबे सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्रों के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया।